# दिग्विजय का बयान : सारंग का हमला

**सुप्रीम कोर्ट पर विवादित टिप्पणी**

- मंत्री विश्वास सारंग ने जताई कड़ी नाराजगी
- कहा- कानूनी कार्रवाई होना चाहिए

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 जून. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सुप्रीम कोर्ट को कथित रूप से चोर बोलने पर पर प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने गहरी नाराजगी जताते हुए इसे आपत्तिजनक करार दिया है. उन्होंने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट का अपमान है. सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेकर कार्रवाई करना चाहिए.**





सारंग ने कहा कि आप चुनाव आयोग, सरकार और वोटिंग मशीन को गाली दे रहे हैं और अब सुप्रीम कोर्ट को चोर कह रहे हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि दिग्विजय सिंह संवैधानिक संस्थाओं की कोई इज्जत रखेंगे या नहीं. कांग्रेस के नेता बद से बदतर स्थिति में पहुंच गए हैं. उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है और यह कानूनी परिधि में आता है.दिग्विजय सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए.

## सीएम डॉ. यादव ने तीनों सांसदों को दी बधाई



**भोपाल, 11 जून.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए उम्मीदवारों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि तीनों निर्वाचित सदस्य राज्यसभा में जनता के हितों, जनभावनाओं और विकास से जुड़े विषयों को प्रभावी रूप से उठाएंगे और देश और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे.

# एमपी में प्री-मानसून का असर तेज

- 34 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल, 11 जून. मध्य प्रदेश में मानसून की दस्तक से पहले ही मौसम ने करवट ले ली है. प्रदेश में सक्रिय दो मौसम प्रणालियों के प्रभाव से प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं. मौसम विभाग ने 34 जिलों में आंधी, बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है. कई क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 60 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, जबकि छह जिलों में ओलावृष्टि की संभावना भी जताई गई है.**

बीते 24 घण्टे में छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, कटनी, सतना, पन्ना, उमरिया, बैतूल, मंडला, शहडोल, जबलपुर, दमोह, उज्जैन, रतलाम, नरसिंहपुर, रीवा और सिंगरौली सहित कई जिलों में बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिला. मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश दर्ज की जा रही है और यह सिलसिला मानसून के आगमन तक जारी रह सकता है. गुरुवार को ग्वालियर, दतिया, मुरैना, भिंड, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी समेत कई जिलों में बारिश और आंधी की संभावना है.



## रेलवे स्टेशन पर खड़े इंजन से डीजल चोरी

**शहडोल, 11 जून.** जिले में बुढ़ार रेलवे स्टेशन पर खड़े एक डीजल इंजन से अज्ञात चोर लगभग 1200 लीटर डीजल चोरी कर ले गए. घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से जांच शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार बुढ़ार रेलवे स्टेशन के समीप ट्रैक संख्या पांच पर खड़े एक डीजल इंजन से नौ और दस जून की मध्यरात्रि के बीच अज्ञात चोरों ने करीब 1200 लीटर डीजल निकाल लिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ, जीआरपी और बुढ़ार पुलिस ने दिनभर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों की तलाश की. जांच के दौरान पुलिस ने कबाड़ी ठिकानों सहित संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली.

# कांग्रेस विधायक मिलेंगे राष्ट्रपति से

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 जून. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषणा की है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी अपने राजनीतिक अभियान के अगले चरण में प्रवेश कर रही है. उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी कांग्रेस विधायक शुक्रवार को नई दिल्ली जाएंगे और राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे.**

भोपाल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय मांगा गया है और मुलाकात की पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि गुरुवार को कांग्रेस हालिया घटनाक्रमों और



अपने रुख को लेकर विस्तृत जानकारी मीडिया के समक्ष रखेगी, जिसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी. केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, युवाओं के भविष्य से जुड़े परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों तथा किसानों की समस्याओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है.

> उन्होंने कहा कि किसान उर्वरकों जैसी आवश्यक कृषि सामग्री प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अर्थव्यवस्था भी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है. पटवारी ने दावा किया कि विदेश नीति से लेकर आम नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों तक जनता में व्यापक असंतोष बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज को लगातार बुलंद करती रहेगी और देशभर में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी. कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि जनता से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाना समय की आवश्यकता है.

# रेलवे स्टॉफ की सतर्कता से महिला यात्री को मिली सुरक्षा

**भोपाल, 11 जून. पश्चिम मध्य रेलवे मंडल में यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए टिकट जांच स्टाफ ने मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया. गाड़ी संख्या 20805 विशाखापत्तनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक महिला यात्री को समय पर सहायता उपलब्ध कराकर सुरक्षित रूप से भोपाल स्टेशन तक पहुंचाया गया.**

जानकारी के अनुसार महिला यात्री नागपुर से भोपाल की यात्रा कर रही थी. यात्रा के दौरान उसने अपने ससुराल पक्ष से जान-माल के खतरे की आशंका जताते हुए मदद मांगी. मामले की गंभीरता को समझते हुए टिकट जांच स्टाफ के कर्मचारी कैलाश रैकवार और अविनाश डोंगरे तत्काल सक्रिय हुए.

दोनों कर्मचारियों ने महिला यात्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसकी सीट को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराया तथा पूरी यात्रा के दौरान विशेष निगरानी रखी. उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते महिला यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा और वह सुरक्षित रूप से भोपाल स्टेशन पहुंच सकी. रेल प्रशासन ने दोनों कर्मचारियों की तत्परता, संवेदनशील व्यवहार और यात्री सुरक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की है.



# सिंहस्थ के लिए गिरवी रख दी अपनी संपत्ति

- मंदिरों के विकास में करोड़ों झोंक रहा यूडीए
- दान आने का इंतजार नहीं, लोन लेकर शुरू कराया मंदिरों का काम
- 84 महादेव मंगलनाथ, काल भैरव और अंगारेश्वर मंदिर तक होंगे विकसित

प्रमोद व्यास

**उज्जैन.** धार्मिक योजनाओं को गति देने के लिए उज्जैन विकास प्राधिकरण ने अपनी स्वयं की संपत्तियां गिरवी रखकर बैंकों से करोड़ों रुपये का ऋण प्राप्त किया है. इस राशि से मंगलनाथ मंदिर, काल भैरव मंदिर, अंगारेश्वर मंदिर सहित चौरासी महादेव मंदिरों के विकास, सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि वर्ष 2028 का सिंहस्थ देश-दुनिया में अपनी व्यवस्थाओं, भव्यता और आध्यात्मिक वैभव के लिए एक नई पहचान बनाए. इसी लक्ष्य को लेकर उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने एक अनूठी पहल करते हुए शहर के प्रमुख मंदिरों के विकास और जीर्णोद्धार का जिम्मा अपने हाथों में लिया है.

**सर्व सुविधाओं का निर्माण** - विकास कार्यों में पार्किंग सुविधाओं का विस्तार, पेयजल व्यवस्था, पिलग्रिम फैसिलिटेशन सेंटर (यात्री सुविधा केंद्र), सड़क संपर्क, प्रकाश व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित अन्य निर्माण भी शामिल है. सिंहस्थ के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए मंदिर परिसरों और उनके आसपास के क्षेत्रों को भव्य एवं सुविधायुक्त बनाया जा रहा है.

### 30 करोड़ से 84 महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार

सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से चौरासी महादेव मंदिरों के जीर्णोद्धार और विकास की व्यापक योजना तैयार की गई है. इसके अंतर्गत मंदिर परिसरों का सौंदर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, मार्गों का सुधार, अतिक्रमण हटाना तथा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी.

**समय पर कार्य प्राथमिकता**

नवभारत से चर्चा में उज्जैन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी ने बताया कि सिंहस्थ 2028 को देखते हुए समय पर विकास कार्य पूरे करना सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह तथा मेला अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह दोनों ही उज्जैन विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी और बोर्ड का हिस्सा हैं. ऐसे में उनके मार्गदर्शन और स्वीकृति के आधार पर विकास कार्यों को गति दी जा रही है. आवश्यकता अनुसार अन्य औपचारिक स्वीकृतियां भी समयानुसार भोपाल स्तर से प्राप्त कर ली जाएंगी.

**समय कम, काम ज्यादा** -संदीप सोनी ने बताया कि मंदिरों के विकास कार्यों के लिए तत्काल बड़ी राशि की आवश्यकता थी, जबकि मंदिरों में दान और भेंट के रूप में राशि धीरे-धीरे एकत्रित होती है. इसी कारण विकास प्राधिकरण ने स्वयं आगे बढ़कर वित्तीय व्यवस्था की है. भविष्य में यदि संबंधित मंदिर प्रबंधन सक्षम होता है तो वह मंदिरों में प्राप्त दान राशि से यह खर्च विकास प्राधिकरण को वापस भी कर सकेगा.



# कुलगुरू के इस्तीफे की मांग को लेकर एबीवीपी का धरना

- कुलपति के इस्तीफे एवं धारा 52 लागू करने की मांग

**भोपाल, 11 जून. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में व्याप्त अकादमिक अनियमितताओं, प्रशासनिक अराजकता एवं आर्थिक भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में आज से विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है. परिषद ने विश्वविद्यालय के कुलपति के तत्काल इस्तीफे तथा विश्वविद्यालय में धारा 52 लागू कर शासन द्वारा नियंत्रण अपने हाथ में लेने की मांग की है.**

एबीवीपी का आरोप है कि विश्वविद्यालय में एमबीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर सहित अनेक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम महीनों से लंबित हैं. पुनर्मूल्यांकन के परिणाम भी एक वर्ष से अधिक समय से घोषित नहीं किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य प्रभावित हो रहा है. विश्वविद्यालय का अकादमिक कैलेंडर वर्षों से अस्त-व्यस्त है तथा पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन भी लंबे समय से नहीं किया गया है.

परिषद ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता के कारण नर्सिंग महाविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हुई है, शिक्षकों की भर्ती लंबित है, छात्रावासों की स्थिति बदहाल है तथा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी चिंताजनक बनी हुई है. एबीवीपी ने विश्वविद्यालय में संबद्धता प्रक्रिया, विभिन्न टेंडरों, गोपनीय प्रिंटिंग कार्यों एवं अन्य प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्न उठाए हैं. परिषद का कहना है कि विश्वविद्यालय की वर्तमान कार्यप्रणाली के कारण छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में व्यापक असंतोष व्याप्त है.

# दिग्विजय ने उर्वरकों का मामला उठाया

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 जून. पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश में उर्वरकों के वितरण और बिक्री में कथित अनियमितताओं पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया है कि किसानों को डीएपी, एसएसपी तथा विभिन्न कॉम्प्लेक्स उर्वरक मुद्रित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक दरों पर बेचे जा रहे हैं और इसकी स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए.**

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से किसानों और किसान संगठनों ने शिकायत की है कि सहकारी समितियां, विपणन एजेंसियां तथा निजी विक्रेता निर्धारित एमआरपी से अधिक कीमत वसूल रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि कम कीमत पर खरीदे गए पुराने स्टॉक को भी पीओएस और ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से नई तथा काफी अधिक दरों पर बेचा जा रहा है.

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 20:20:0:13 ग्रेड के 50 किलोग्राम उर्वरक का एक बैग, जिसकी कीमत पहले लगभग 1,450 रुपये थी, कुछ क्षेत्रों में 2,100 रुपये तक बेचा जा रहा है. इससे किसानों पर प्रति बैग लगभग 650 रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है.

> इसी प्रकार की शिकायतें एसएसपी और अन्य उर्वरकों की बिक्री को लेकर भी सामने आई हैं. दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह मामला केवल मूल्य वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि उपभोक्ता अधिकारों, पारदर्शिता तथा उर्वरक आदेश, 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के संभावित उल्लंघन से भी जुड़ा है. उन्होंने प्रदेशव्यापी जांच, पुराने स्टॉक को नई दरों पर बेचने संबंधी शिकायतों की जिला स्तर पर पड़ताल, प्रभावित किसानों को राशि वापस दिलाने तथा दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों और विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## ऑनलाइन योग सत्र में शामिल हों प्रदेशवासी : सीएम

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समस्त प्रदेशवासियों से ऑनलाइन योग सत्र में शामिल होने की अपील की है. डॉ. यादव ने योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसने आज सम्पूर्ण विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक वैश्विक जनआंदोलन के रूप में स्थापित हुआ है. आज अनेक राष्ट्र योग के महत्व को स्वीकार और अंगीकार कर चुके हैं. योग दिवस 21 जून पर अनेक आयोजनों के साथ ही 14 जून को विशेष ऑनलाइन सत्र आयोजित किया जा रहा है. बीस मिनिट के इस ऑनलाइन सत्र में कोई भी नागरिक हिस्सा ले सकता है.

# 1,136 गुम और चोरी हुए मोबाइल बरामद

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 जून. मध्यप्रदेश पुलिस ने आधुनिक तकनीक और साइबर विशेषज्ञता के प्रभावी उपयोग से पिछले एक माह के दौरान प्रदेशभर में गुम एवं चोरी हुए 1,136 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए हैं. बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ 18 लाख रुपये आंकी गई है.**

'देशभक्ति जनसेवा' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए पुलिस ने सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल, साइबर हेल्प डेस्क, डिजिटल विश्लेषण और जिला



पुलिस बलों के समन्वित प्रयासों के माध्यम से मोबाइल फोन ट्रेस किए. मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और कानून-व्यवस्था तंत्र पर अपना भरोसा और मजबूत होने की बात कही.

मोबाइल बरामदगी के मामले में इंदौर सबसे आगे रहा, जहां क्राइम ब्रांच ने विभिन्न राज्यों से 230 मोबाइल फोन खोज निकाले, जिनकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है. भंवरकुआं और विजय नगर थाना पुलिस की कार्रवाई सहित कुल 260 मोबाइल फोन और अन्य संपत्ति बरामद की गई, जिनका मूल्य लगभग 66.60 लाख रुपये है.

# 1.20 लाख की ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज



**इंदौर.** चंदन नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब 1.20 लाख रुपए कीमत की 12.59 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.

डीसीपी जोन 4 सुनील मेहता ने बताया कि थाना प्रभारी तिलक कारोले के नेतृत्व में टीम गठित कर गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई. पुलिस टीम सिंहासा पावर हाउस आईटी पार्क क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही थी, तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद हुई. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहरुख उर्फ बुड्ढन उम्र 30 साल निवासी केशव नगर, सिरपुर बताया. आरोपी ने कबूल किया कि वह नशे का आदी है और जल्दी पैसे कमाने के लिए कम दाम में ड्रग्स खरीदकर महंगे दामों में बेचता था. वह मादक पदार्थ मंदसौर, रतलाम और उज्जैन से लाकर शहर में सप्लाई करता था. आरोपी के कब्जे से 12.59 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त कर मामला दर्ज किया है. आरोपी से नेटवर्क और सप्लायरों के संबंध में पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है.

**अध्ययन दौरा** | छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन का दल मप्र भ्रमण पर

# अन्नदूत योजना की जानकारी ली छग के अधिकारियों ने

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 जून. मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी लेने और इसमें विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के अधिकारियों का एक दल मप्र भ्रमण पर है.**



इस दल ने गुरूवार को खाद्य संचालनालय में अधिकारियों से योजना की कार्य प्रणाली, परिवहन व्यवस्था, आईटी आधरित मॉनीटरिंग प्रणाली, संबंधित विभागों के बीच समन्वय, हित धारकों की भूमिका तथा खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली. अपर संचालक खाद्य एचएस परमार एवं अन्य अधिकारियों ने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया. छत्तीसगढ़ के दल में सहायक महाप्रबंधक आईटी एवं उपार्जन महेन्द्र साहू, उप सहायक महाप्रबंधक परिवहन मनोज वर्मा, उप सहायक महाप्रबंधक सार्वजनिक वितरण प्रणाली त्रिनाधा रेड्डी, वरिष्ठ सलाहकार सुशील तिवारी और सलाहकार संदीप हलदर शामिल हैं.

### क्या है मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकानों तक राशन सामग्री के परिवहन का कार्य परिवहनकर्ता ठेकेदार के स्थान पर बेरोजगार युवकों के माध्यम से कराकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना नवाचार के रूप में लागू की गई है. इसमें लगभग 900 परिवहन कर्ता हैं.

## दो बाइकों की टक्कर, चार गंभीर रूप से घायल

**सीधी.** बाईपास में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे जियो पेट्रोल पंप के पास भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय सीधी पहुंचाया गया. डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों के पैरों में गंभीर फ्रैक्चर हुए हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है. 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े गौरव तिवारी और रामप्रकाश साकेत ने बताया कि चारों युवक सड़क पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े थे.

# अवैध खनन रोकने कलेक्टर-एसपी का निरीक्षण

**मुरैना, 11 जून. जिले में राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य क्षेत्र में रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण तथा खनन गतिविधियों के नियमानुसार संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने देर रात कुल्हाड़ा घाट का औचक निरीक्षण किया.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर श्री जांगिड़ ने रात लगभग दो बजे कुल्हाड़ा घाट पहुंचकर क्षेत्र में संचालित खनन गतिविधियों, रेत परिवहन व्यवस्था, सुरक्षा मानकों तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के पालन की विस्तृत समीक्षा की. इस दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा और खनिज अधिकारी सुखदेव निर्मल भी उपस्थित रहे. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने क्षेत्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए रेत परिवहन की निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश भी दिए.

> जांगिड़ ने कहा कि खनिज संपदा शासन की महत्वपूर्ण धरोहर है और इसके संरक्षण तथा राजस्व हितों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है. उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी. पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने पुलिस अधिकारियों को रेत घाटों एवं परिवहन मार्गों पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और नियमों के उल्लंघन के मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए. उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस का संयुक्त अमला लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर कानून-व्यवस्था तथा खनिज नियमों के पालन को सुनिश्चित करेगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60